शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोटः सराहनीय कार्य दिनांक 28.09.2024

थाना जैतीपुर पुलिस व एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, बरेली की संयुक्त टीम को मिली बडी कामयाबी

थाना जैतीपुर पुलिस व एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, बरेली की संयुक्त टीम द्वारा 400 ग्राम फाइन क्वालिटी अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 40 लाख रुपये) सहित एक अवैध मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के पर्यवेक्षण एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर महोदय के निर्देशन में क्रियाशील एवं चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी एव अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना जैतीपुर पुलिस टीम व एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, बरेली की संयुक्त टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 27.09.2024 को थानाध्यक्ष श्री अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में **थाना जैतीपुर की पुलिस टीम व एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, बरेली की संयुक्त टीम** द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर सदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन चैकिंग रात्रि गस्त के दौरान **बेगुल नदी के पुल पाँच कदम पहले तिलहर की ओर समय करीब 23.40 बजे** एक नफर अभियुक्त **जिशनू पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम बझेडा भगवानपुर थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर** को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 400 ग्राम स्मैक बरामद हुयी। जिनके विरुद्ध थाना हाजा पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1.जिशनू पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम बझेडा भगवानपुर थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

1.मु0अ0सं0- 266/24 धारा 8/21/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1.400 ग्राम स्मैक

2.एक मोटरसाइकिल डिस्कवर रंग काला

पूछताछ विवरण अभियुक्तः-

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त जिशनू पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम बझेडा भगवानपुर थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 24 वर्ष सम्बन्धित सम्बन्धित **मु0अ0सं0- 266/24 धारा 8/21/29/60 एनडीपीएस एक्ट** थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर से सम्बन्धित बरामदगी 400 ग्राम स्मैक की बरामदगी के सम्बन्ध मे बरामदगी व स्त्रोत के बारे मे पूछताछ की गयी तो पूछताछ मे गिरफ्तार शुदा अभियुक्त जिशनू उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 27.09.24 को ग्राम खेडा रठ के रहने वाले फारूख पुत्र जानशेर ने मुझे स्मैक बेचने के लिए दी थी और कहा था कि इस स्मैक को बेचकर आ इस स्मैक से जो पैसा प्राप्त होगा उसको हम बांट लेंगे। मैं फारूख के द्वारा दी गयी स्मैक को लेकर बेचने के लिए जैतीपुर की तरफ आ रहा था कि गोहापुर पुल के पास मुझे मोटरसाईकिल सहित पकड लिया और पुलिस द्वारा जो सिविल ड्रैस में थे, मेरी वीडियो बनायी और मेरे पास से स्मैक बरामद की। साहब गलती हो गयी। अभियुक्त से मिली जानकारी के आधार पर थाना हाजा पर टीम गठित कर अन्य स्त्रोतो के बारे मे जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.श्रीमती प्रतिमा सिंह पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ, बरेली।
2.थानाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर।
3.उ0नि0 विकास यादव ANTF ऑपरेशनल यूनिट बरेली।
4.हे0का0 दिनेश कुमार ANTF ऑपरेशनल यूनिट बरेली।
5.का01143 कुश कुमार ANTF ऑपरेशनल यूनिट बरेली।
6.का0 2191 रसविन्द्र चौधरी ANTF ऑपरेशनल यूनिट बरेली।
7.का0 2816 सौरभ चौधरी ANTF ऑपरेशनल यूनिट बरेली।
8.म0का0 छाया ANTF ऑपरेशनल यूनिट बरेली।